हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 23 दिसंबर 2025

04 एक हाथ में तिरंगा, दूसरे हाथ से 108 ने किया रक्तदान



08 17 वर्ष से बच्चों व बुजुर्गों को शीत लहर से बचाव की...





## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन आज

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम जिले में सुशासन सप्ताह के अंतर्गत शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ नागरिकों तक पहुंचाने हेतु विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में जिले में राज्य शिकायत पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के प्रभावी निराकरण के तहत अब तक 2,692 शिकायतों का निवारण किया गया है। वहीं सेवा प्रदायगी के अंतर्गत 3,024 आवेदनों का निस्तारण किया गया है। इसी कड़ी में सुशासन सप्ताह अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन 23 दिसंबर 2025 को रेवा सभा कक्ष, नर्मदापुरम में प्रातः 10:00 बजे किया जाएगा।

### राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस का आयोजन कल होगा

**नर्मदापुरम।** राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर 24दिसंबर2025 को जिला पंचायत नर्मदापुरम के सभा कक्ष में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम दोपहर 12:00 बजे से शुरू होगा, जिसमें उपभोक्ता हितों से जुड़े विभिन्न विषयों पर संगोष्ठी, कार्यशाला, प्रदर्शनी, पोस्टर-बैनर और प्रश्न मंच के माध्यम से जागरूकता फैलाई जाएगी।

### विवेकानंद घाट का निरीक्षण कर, लेट लतीफी पर लगाई फटकार

# बदलाव: बदहाली और उपेक्षा होगी दूर राजघाट का हो रहा सौंदर्यीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

उपेक्षा का शिकार मुक्तिधाम स्थित राजघाट का अब जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण किया जा रहा है।

महंगाई-मनमानी अव्यवस्थाओं की मार से मुक्तिधाम भी अछूते नहीं है। ऐसे में व्यक्ति के जिंदगी का आखिरी पड़ाव भी उसे लूटखसोट का शिकार बना रहा है। नर्मदा किनारे बने राजघाट मुक्तिधाम में अव्यवस्थाएं फैली है।


नगरीय प्रशासन की लापरवाही से लोगों को अंतिम संस्कार करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। हालांकि अब नगरीय प्रशासन राजघाट स्थित मुक्तिधाम की सुध ले रहा है। विगत दिनों राजघाट का निर्माण एजेंसी और नपा के इंजीनियर्स ने मिलकर ले आउट डाला था। अब करीब 3 करोड़ की लागत से राजघाट मुक्तिधाम का जीर्णोद्वार किया जा रहा है। जिसमें शेड़ों के साथ ही स्वागत द्वार भी बनेगा।



### अब मिलेगी सुविधा

नपा अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव के नेतृत्व में नगर के महत्वकांशी विकास कार्य लगातार किए जा रहे है। मीनाक्षी चौक, एनएमवी कॉलेज तिराहा,भोपाल चौराहे के बाद अब राजघाट का जीर्णोद्धार प्रारंभ हो चुका है। आधुनिक तरीके से बनाए जा रहे राजघाट पर पार्किंग व्यवस्था,पेयजल और छांव के लिए टीन शेड भी बनेगे। नपा उपयंत्री आयुषी रिछारिया ने बताया कि लेआउट डालने के बाद निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए है कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं की जाए।

### पानी की तलाश में घूम रहे हैं वन्य प्राणी



नर्मदा जयंती और स्वच्छता रैंकिंग में सुधार को लेकर नगरीय प्रशासन के दावे जमीनी हकीकत से मेल नहीं खा रहे हैं। हालात यह है कि शहर में नियमित कचरा उठाव तो हो रहा साथ ही बाजारों में कचरा वाहन घूम रहे है लेकिन सार्वजनिक स्थलों और वार्डों में गंदगी का अंबार दिखाई देता है। कई जगह डस्टबिन कुड़े से भरे पड़े है, वहीं सड़कों और खाली स्थानों को अनौपचारिक डंपिंग साइट बना दिया गया है। मुख्य सड़कों के किनारे कई स्थानों पर कचरा दिखाई दे रहा हैं।


### अब मिलेगी सुविधा

नपाध्यक्ष,सीएमओ, विधायक प्रतिनिधि ने किया निरीक्षण

मां नर्मदा जयंती पर स्वच्छता अभियान एवं विवेकानंद घाट पर चल रहे जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य का सोमवार को निरीक्षण किया गया। इस दौरान नपाध्यक्ष नीतू यादव,सीएमओ हेमेश्वरी पटले, विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव ने किया। निर्माण और सौंदर्यीकरण कार्य की गति धीमी मिलने पर उपयंत्री एवं निर्माण एजेंसी के प्रति लापरवाही जाहिर की। साथ काम में तेजी लाने की निर्देश भी दिए। इस अवसर पर उपयंत्री कार्य प्रभारी आयुषी रिछारिया, अंबक पाराशर, रीना गुप्ता, दीक्षा तिवारी, पार्षद राजेंद्र उपाध्याय,स्वच्छता प्रभारी कमलेश तिवारी,धर्मेंद्र जाट आदि उपस्थित रहे।

## हर्षवर्धन टीम ने जीती फ्रेंड्स क्लब प्रतियोगिता की ट्राफी

### विजेता और उपविजेता टीम हुई पुरस्कृत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

स्थानीय एसएनजी ग्राउंड पर आयोजित फ्रेंड्स कप 2025 डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला उत्साह और रोमांच के साथ संपन्न हुआ। फाइनल में हर्षवर्धन चौराहट ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रफ्तार-11 को 7 विकेट से पराजित कर खिताब अपने नाम किया।

वहीं स्पर्धा को हजारों की संख्या में यूट्यूब लाइव के माध्यम से चौक चौराहों पर देखा गया लाइव प्रसारण, नगर में चारो तरफ फ्रेंड्स कप की चर्चा रही। फाइनल मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए रफ्तार-11 की टीम ने निर्धारित 8 ओवर में 68 रन बनाए, लक्ष्य का पीछा करने उतरी हर्षवर्धन चौराहट ने रोमांचक अंदाज में 6.5 ओवर में 7 विकेट शेष रहते जीत दर्ज की। विशाल मोर्य को शानदार खेल के लिए मैन ऑफ द मैच एवं मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। टूर्नामेंट में क्रिकेट के साथ-साथ लाइव इवेंट्स म्यूजिक जोन के माध्यम से असीम विश्वास की टीम एवं आकर्षक अवॉर्ड समारोह भी आयोजित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में के सांसद दर्शन सिंह चौधरी, मप्र तैराकी संघ के अध्यक्ष पीयूष शर्मा, नपाध्यक्ष नीतू यादव, फेथ क्रिकेट क्लब के संचालक राघवेन्द्र सिंह तोमर, हॉकी संघ अध्यक्ष डॉ. अतुल सेठा, एमपीसीए मैनेजिंग कमेटी सदस्य अनुराग मिश्रा, विवेक भदौरिया वीरेश तुमराम, राहुल सिंह सोलंकी, अनिल बुंदेला, सुनील अहिरवार आदि शामिल रहे।

## माखननगर में सेवानिवृत्ति शिक्षिका ने बच्चों को दिया उपहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखननगर



शासकीय प्राथमिक शाला चिचली कलां में अध्ययन करने वाले सभी बच्चों को सेवानिवृत्त सहायक शिक्षिका नंदिता परसाई नर्मदापुरम ने अपने ताऊ ब्रजमोहन परसाई की 11 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर शाला में अध्यनरत समस्त बच्चों को जूते एवं मोजे प्रदाय किए। ज्ञात हो कि नंदिता परसाई अपनी संस्था शासकीय माध्यमिक शाला रानीपुर जिला बैतूल जहां वह कार्यरत थी ने डेस्क एवं बेंच दान की है ।

## सोहागपुर विस में ग्राम प्रस्फुटन समिति की बैठक में जलस्रोतों के संरक्षण पर हुई गहन चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति नीमनमूड़ा की बैठक गत दिवस ग्रापं भवन में की गई। जिसमें ग्रामीण सम्मिलित हुए। बैठक में कमल किरार ने ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के दस्तावेजीकरण, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल संचय की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि आगामी समय में जलस्रोतों पर बोरी बंधान की गतिविधियां भी की जाएंगी। इसके अलावा क्षेत्र के सौंदर्यीकरण, गांवों में नाली तथा रास्तों के निर्माण के संबंध में भी विस्तार से चर्चा की गई।

इस दौरान ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति नीमनमूड़ा अध्यक्ष सतीश वर्मा, सोहागपुर मित्र संघ समिति की सेक्टर एक से समिति प्रभारी मंजू पवार, गोविंद पटेल,



समिति सचिव किशोर, मंगल सिंह एवं अन्य ग्रामीण भी उपस्थित रहे। बैठक के अंत में ग्राम में पदस्थ शिक्षिकाओं एवं वरिष्ठ ग्रामीणों को गीता संदेश संबंधी साहित्य दिया गया।

## नगर की पहचान भक्तों से होती है, महलों और भवनों से नहीं: पूज्य राधाकृष्ण जी महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

किसी भी नगर की पहचान वहां निवासरत ईश्वर के भक्तों से होती है बड़ी-बड़ी इमारतों, महलों और भवनों से नहीं। जिस नगर में जितने अधिक नागरिक ईश्वर की भक्ति में लीन होते हैं, वह नगर उतना ही पूजनीय और वंदनीय हो जाता है। उक्त उद्गार धार्मिक नगरी इटारसी में जोधपुर के अंतर्राष्ट्रीय कथाव्यास गोवत्स श्री राधा कृष्ण जी महाराज के श्रीमुख से नानी बाई रो मायरो की कथा के प्रारंभिक दिवस पर व्यक्त किए। मालपानी परिसर में सोमवार



से कथा का रसपान प्रारंभ हो गया है। पूज्य गोवत्स राधाकृष्ण महाराज ने प्रथम दिवस की कथा का रसपान कराते हुए कहा कि वर्तमान पीढ़ी आधुनिकता पर सवार होकर हमारे संस्कार भूलती जा रही है। इस अवसर पर महाराज श्री का स्वागत क्षेत्रीय विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, विजय मालपानी, बेला प्रदीप मालपानी, मंगतूराम मालपानी, विनीत सुरभि मालपानी, टासू शशांक माहेश्वरी, पत्रकार प्रमोद पगारे, रमेश चांडक, सुधीर गोठी, राजेंद्र अग्रवाल सहित अन्य ने किया।


## आज होगा मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन, अधिकारियों की हुई अहम बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत 23 दिसंबर को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया जाएगा। यह प्रकाशन जिले की समस्त विधानसभा क्षेत्रों के सभी मतदान केंद्रों, साथ ही विधानसभा मुख्यालयों पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) के कार्यालयों में सुबह 10:30 बजे से किया जाएगा। इस दौरान प्रत्येक मतदान केंद्र पर अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत एवं दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं की सूचियों को भी संबंधित मतदान केंद्रों पर प्रदर्शित किया जाएगा। जिले में ऐसे मतदाताओं की कुल संख्या 39335 है जिनके नाम प्रारूप सूची में शामिल नहीं होंगे। 23 दिसंबर से ही जिले के 11,049 ऐसे मतदाताओं को नोटिस जारी किए जाने एवं उनकी सुनवाई की प्रक्रिया भी प्रारंभ हो जाएगी, जिनका विवरण एसआईआर-2003 के अनुरूप अप्राप्त पाया गया है। इन मतदाताओं की नोटिस में उल्लेखित तिथि अनुसार संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एईआरओ) कार्यालयों में सुनवाई की जाएगी। ईआरओ एवं एईआरओ द्वारा प्रत्येक दिवस अधिकतम 50 नोटिसों पर ही सुनवाई संपादित की जाएगी। विधानसभा क्षेत्र 136 सिवनी मालवा में 1040 मतदाताओं की सुनवाई की जायेगी। इसी प्रकार 137 होशंगाबाद में 6012, 138 सोहागपुर में 2186, 139 पिपरिया 1811 मतदाताओं को सुनवाई संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में की जाएगी।

23 दिसम्बर से ही फॉर्म 6,7 एवं 8 के माध्यम से नाम जोड़ने, हटाने एवं प्रविष्टियों में संशोधन हेतु दावा आपत्ति प्राप्त किए जाएंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना द्वारा समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई।

## मौसम का बदलता मिजाज, दिन के पारे में गिरावट, रात में बढ़त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

उत्तर भारत में बर्फ गिरने व हवा का रुख बदलने से नर्मदापुरम में भी असर हुआ है। हालांकि बादलों कि आमद से रात के तापमान बढ़ोतरी दर्ज हुई है। पिछले दिन कि अपेक्षा न्यूनतम तापमान 1.5 डिग्री बढ़ा और 13.3 डिग्री रहा। मौसम में बदलाव से सुबह व शाम ठंडी हवा चल रही है। सोमवार को न्यूनतम तापमान 13.3 डिग्री दर्ज हुआ। वही दिन के तापमान में सोमवार को 1.6 डिग्री गिरावट आई। जिसके बाद अधिकतम तापमान 27.2 डिग्री रहा।

## पं. माखनलाल चतुर्वेदी महाविद्यालय में हुआ राष्ट्रीय गणित दिवस कार्यक्रम का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखननगर

श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखननगर में तीन दिवसीय राष्ट्रीय गणित दिवस कार्यक्रम का धूमधाम से समापन किया गया। समापन दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति महाविद्यालय से प्रोफेसर राजेश शुक्ला सोहागपुर से दुबे और सांदीपनि उत्कृष्ट विद्यालय माखननगर से दीपा सारस्वत उपस्थित रहीं। मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल के सहयोग से यह कार्यक्रम महाविद्यालय प्राचार्य डॉ नीता चौबे के निर्देशन और कार्यक्रम



समन्वयक सुषमा यादव बैरवा के मार्गदर्शन में प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। विगत 3 दिनों से श्रीनिवासा रामानुजन जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में विविध गतिविधियों का समावेश किया गया था और आज समापन अवसर पर मुख्य अतिथियों व प्राचार्य के हाथों विजेता छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। महाविद्यालय मीडिया प्रभारी पंकज बैरवा ने बताया कि गणित विषय पर आयोजित रंगोली, निबन्ध व पोस्टर प्रतियोगिता के विजेता सदस्यों को प्रमाण पत्र व पुरुस्कार सामग्री प्रदान की गई। कार्यक्रम की शुरुवात मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई।

## राजकीय सम्मान: लोकतंत्र सेनानी साहू को दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

पिपरिया विधानसभा क्षेत्र में पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत बीजनवाडा निवासी अनंतराम साहू, लोकतंत्र सेनानी एवं वरिष्ठ स्वयंसेवक संघ साहित्यकार का अचानक निधन हो गया था, सोमवार को राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। स्व साहू की अंतिम यात्रा में भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर, सांसद दर्शन सिंह, विधायक ठाकुरदास नागवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल, महिलामोर्चा जिला महामंत्री ममता नागवंशी, पूर्व जिलाअध्यक्ष माधव दास अग्रवाल, अरविंद राय, पवन वालिया, प्रीती शुक्ला, राजो मालवीय, राजा भैया पटेल, सुजीत रघुवंशी, पिपरिया नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजीव जायसवाल सहित अन्य सभी भाजपा के पदाधिकारी एवं कांग्रेस कमेटी के नगर अध्यक्ष उदय सिंह राजपूत आदि मौजूद रहे।

### नर्मदापुरम में कला जगत का विशिष्ट आयोजन किस्सागोई

## तेजस्वी मिश्र विभिन्न विधाओं से जुड़े साहित्य, समाजसेवा खेल, कला के साथ श्रोताओं के साथ साझा किया: शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

नर्मदा माटी के तिलक व्यक्तित्व वरिष्ठ रचनाकार तेजेश्वर प्रसाद मिश्र के आत्मकथ्य पर आधारित कला जगत का लोकप्रिय कार्यक्रम 'किस्सागोई,' श्री दादा कुटी, जुमेराती में आयोजित किया गया। पं. निमिष परसाई के स्वस्ति वाचन से आरंभ कार्यक्रम के केंद्र तेजेश्वर प्रसाद मिश्र, सारस्वत अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पंडित भवानी शंकर शर्मा, समाजसेवी राकेश फौजदार, वरिष्ठ अधिवक्ता एस. एस. ठाकुर, वरिष्ठ कवि पंडित गिरिमोहन गुरु, डॉ. पंडित गोपाल प्रसाद खड्डुर, गोपीकांत घोष, जगदीश वाजपेयी, वरिष्ठ गायक ओमप्रकाश शर्मा का संस्था सदस्यों



ने पुष्पाहार द्वारा स्वागत किया। तदुपरांत संस्था सचिव डॉ. नमन तिवारी ने संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत कर कला जगत की 2010 से 2025 तक की उल्लेखनीय गतिविधियों पर प्रकाश डाला। सूत्रधार डॉ. संतोष व्यास ने तेजेश्वर प्रसाद मिश्र की जीवन यात्रा से संबंधित और संदर्भित प्रसंगों के विषय पर चर्चा कर जिज्ञासा प्रकट की। श्री मिश्र ने प्रश्नों के उत्तर रोचक और खुलेपन के साथ सबके सम्मुख रखे। विभिन्न विधाओं से जुड़े श्री मिश्र ने साहित्य, समाजसेवा, खेल, कला के साथ धूनी वाले दादा के सान्निध्य संबंधी अपने अनेक संस्मरणों और अनुभवों को श्रोताओं के साथ साझा किया। आपने बताया कि अपने जीवन में सौभाग्य से बड़े-बड़े महापुरुषों का सान्निध्य और प्रकारांतर से आशीष मिला।

मिश्र जी के परिजन जिनमें महात्मा गांधी, मोतीलाल नेहरू, मेजर ध्यानचंद, पंडित भवानी प्रसाद मिश्र जैसी विभूतियों के संपर्क में रहे। प्रख्यात संत खंडवा के धूनी वाले दादा का प्रवास उल्लेखनीय है। वर्तमान में भी दादा गुरु का आशीर्वाद आपको प्राप्त है। सारस्वत उद्बोधन में पंडित भवानी शंकर शर्मा ने अपने सहपाठी मित्र तेजेश्वर प्रसाद मिश्र के कॉलेज के दिनों के रोचक संस्मरण सुनाते हुए उन्हें गृहस्थ संत के रूप में पारिभाषित किया और आयोजन की नर्मदापुरम कला जगत के प्रयासों की सराहना की।

## कॉलेज की छात्राओं ने लिया प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

गत दिनों सोहागपुर निवासी प्राकृतिक खेती के प्रशिक्षक सुभाष पटेल के खेत में शहीद भगत सिंह शासकीय पीजी कॉलेज पिपरिया की छात्राओं ने प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण प्राप्त किया। पटेल ने छात्राओं को रसायनरहित खेती के गुर सिखाए। बीएससी थर्ड ईयर की छात्राओं के ग्रुप में सुभाष पटेल के मनोहर कृषि फार्म पर पहुंचकर प्राकृतिक खेती के तौर तरीके सीखे। सुभाष पटेल ने छात्राओं को बताया कि किस तरह से खेत में ही पाई जाने वाली सूखी वनस्पति सामग्री, गोमूत्र, गाय का गोबर, गुड़ व अन्य घरेलू सामग्री का उपयोग करते हुए जीवामृत बनाया जा सकता है। यह जीवामृत रसायन रहित उर्वरक के रूप में कार्य करता है। जीवामृत कृषि उत्पादों को न सिर्फ बढ़त प्रदान करता है, बल्कि इससे स्वस्थ उपज व स्वस्थ सब्जी प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने छात्राओं को जैव उर्वरक व जैव कीटनाशक पर प्रशिक्षण दिया।

## नगरपालिका ने दूसरी बार आमंत्रित की निविदा

# 17 लाख की लागत से होगा ताप्ती सरोवर सुलूश गेट का नवनिर्माण





हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

दो दशक के लंबे इंतजार के बाद ताप्ती सरोवर एवं शनि सरोवर के मध्य स्थित सुलूश गेट का अब नवनिर्माण होने जा रहा है। नगरपालिका द्वारा इसके पुनर्निर्माण की सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर टेंडर जारी कर दिए गए हैं। गेट का निर्माण 17 लाख रुपये की लागत से किया जाएगा तथा ठेकेदार को यह कार्य डेढ़ माह की अवधि में पूर्ण करना होगा। माना जा रहा है कि वर्षों से खराब पड़े ताप्ती सरोवर सुलूश गेट का नवनिर्माण होने से कुंड से होने वाले जल रिसाव की समस्या समाप्त हो सकेगी और ताप्ती सरोवर का जलस्तर निरंतर बना रहेगा। उल्लेखनीय है कि गजानन मंदिर के समीप स्थित ताप्ती सरोवर को छोटे तालाब से जोडने वाला सुलूश गेट लंबे समय से जर्जर अवस्था में है, जिसके कारण सरोवर का जल रिसाव होता रहता है और जलस्तर समय से पूर्व घट जाता है। नगरवासी लंबे समय से इसके नवनिर्माण की मांग करते आ रहे हैं। सुलूश गेट के ऊपर बनी पुलिया भी क्षतिग्रस्त हो चुकी है। पुलिया के नीचे लगे लोहे के सरिए उखड़ चुके हैं, जिससे यह वर्षाकाल के दौरान गंभीर संकट का कारण बन सकती है। जागरूक नागरिकों की मांग पर सिंचाई विभाग एवं ओएडम विभाग के अधिकारियों द्वारा कई बार इस पुलिया एवं सुलूश गेट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान क्षतिग्रस्त गेट को गंभीर स्थिति में बताते हुए इसके पुनर्निर्माण की अनुशंसा की गई थी, किंतु योजना लंबे समय तक परवान नहीं चढ़ सकी। इससे नागरिकों की चिंताएं लगातार बढ़ती रहीं। हालांकि लंबे इंतजार के बाद अब सुलूश गेट के नवनिर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ चुकी है। अनुमान है कि आगामी दो माह के भीतर टेंडर प्रक्रिया, अनुबंध एवं निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

### पहली बार नहीं मिला ठेकेदार, दूसरी बार जारी किया गया टेंडर

मुलताई नगर पालिका ने ताप्ती सरोवर सुलूश गेट निर्माण का एस्टीमेट काफी पहले तैयार कर लिया था। इसमें सिंचाई विभाग के वर्तमान कार्यपालन यंत्री सीएल मरकाम एवं सेवानिवृत्त उपयंत्री सीबी पाटेकर का भी सहयोग लिया गया। उनके मार्गदर्शन में गेट का एस्टीमेट तैयार किया गया। मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना के अंतर्गत 17 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सुलूश गेट के नवनिर्माण की निविदा नगर पालिका द्वारा एक माह पूर्व जारी की गई थी, लेकिन किसी भी ठेकेदार ने इसमें भाग नहीं लिया। इसके चलते हाल ही में नगर पालिका ने दूसरी बार निविदा आमंत्रित की है। निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद ठेकेदार को यह कार्य 45 दिनों की अवधि में पूरा करना होगा।

### धार्मिक आस्था के प्रतीक व जल स्रोतों के आधार है ताप्ती और शनि सरोवर

*ताप्ती एवं शनि सरोवर जहां धार्मिक आस्था का केंद्र है, वही मुलताई क्षेत्र के जल स्रोतों का आधार भी ताप्ती एवं शनि सरोवर का जलस्तर घटने के साथ ही मुलताई क्षेत्र के 5 किलोमीटर के एरिया में स्थित सभी जल स्रोतों का जल स्तर भी घटने लगता है। यही कारण है कि जब वर्षा काल में ताप्ती सरोवर ओवरफ्लो होता है, क्षेत्र में उत्सव का माहौल होता है, क्योंकि यह पर्याप्त वर्षा एवं जल स्रोतों में वापस जल संग्रह हो जाने का संकेत भी माना जाता है। बीते कुछ वर्षों से ताप्ती सरोवर का जल स्तर अपेक्षाकृत तेजी से घट रहा है। जिसके रोकथाम के लिए सुलूश गेट का नव निर्माण प्रथम कदम है किंतु इसके साथ ही सरोवर के अन्य स्रोतों को भी सुधारा जाना चाहिए।*

**इनका कहना है**

ताप्ती सरोवर सुलूश गेट का नवनिर्माण 17 लाख रुपये की लागत से किया जाना है। पहली बार ठेकेदारों द्वारा भाग न लेने के कारण नगर पालिका ने दूसरी बार निविदा आमंत्रित की है।

**महेश शर्मा,**
उपयंत्री, नगर पालिका मुलताई

## 380 करोड़ से ज्यादा के विकास कार्यों का होगा भूमिपूजन

# जिलेवासियों को मिलेगी मेडिकल कॉलेज की सौगात

**केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा के मुख्य आतिथ्य और मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में होगा कार्यक्रम**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

बैतूल जिले के लिए मंगलवार का दिन ऐतिहासिक साबित होने जा रहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा के मुख्य आतिथ्य और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज 23 दिसंबर को बैतूल मुख्यालय स्थित पुलिस ग्राउंड में पीपीपी मोड पर स्वीकृत मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास किया जाएगा।

करीब 300 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाला यह मेडिकल कॉलेज जिले की स्वास्थ्य सुविधाओं की तस्वीर बदल देगा। मेडिकल कॉलेज के शिलान्यास के साथ ही जिले को विकास की बड़ी सौगात भी मिलेगी। विभिन्न विभागों के अंतर्गत 26.76 करोड़ रुपए की लागत से 16 विकास कार्यों का लोकार्पण तथा मेडिकल कॉलेज सहित 357.11 करोड़ रुपए की लागत से 122 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया जाएगा। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उइके, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, प्रदेश अध्यक्ष भाजपा व बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल, आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, भैंसदेही विधायक महेंद्र सिंह चौहान, मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख, घोड़ाडोंगरी विधायक श्रीमती गंगाबाई उइके, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद उपाध्यक्ष मोहन नागर, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य सुधाकर पवार सहित अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।

### मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम

पीपीपी मोड पर स्वीकृत मेडिकल कॉलेज के शिलान्यास के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार मंत्री जेपी नड्डा और मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का मंगलवार को दोपहर 2.40 बजे न्यू बैतूल स्कूल कोठी बाजार ग्राउंड स्थित हेलीपैड पर आगमन होगा। तत्पश्चात केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री नड्डा और मुख्यमंत्री डॉ. यादव दोपहर 2.45 बजे पुलिस ग्राउंड मुख्य कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे। इस दौरान मुख्य अतिथि दोपहर 2.45 से 2.50 तक विभागीय स्टाल एवं प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे। दोपहर 2.50 से 2.55 बजे केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और मुख्यमंत्री द्वारा मंच पर आगमन, द्वीप प्रज्वलन, माल्यार्पण एवं कन्या पूजन होगा। अतिथियों का स्वागत किया जाएगा। दोपहर 3 बजे से विधायक हेमंत खंडेलवाल का उद्बोधन तथा केंद्रीय राज्यमंत्री श्री उइके का उद्बोधन होगा। इसके बाद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और मुख्यमंत्री द्वारा मेडिकल कॉलेजों का भूमि पूजन एवं अन्य विकास कार्यों का भूमि पूजन व लोकार्पण, मेडिकल कॉलेजों पर आधारित लघु फिल्म का अवलोकन होगा। तत्पश्चात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी का उद्बोधन होगा। इसके बाद मुख्य अतिथि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री नड्डा जी का संबोधन होगा। इसके पश्चात सम्मान समारोह एवं हितलाभ वितरण होगा। इसके बाद म.प्र. शासन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल के द्वारा आभार व्यक्त किए जाने के पश्चात अपराह्न 4ः10 बजे मुख्यमंत्री जी का हेलीपेड पर आगमन एवं प्रस्थान होगा।

### स्वास्थ्य शिविर का होगा आयोजन

पीपीपी मोड पर स्वीकृत मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास एवं भूमि पूजन के अवसर पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया जाएगा। जिसमें बड़ी संख्या में हितग्राहियों के आने की संभावना है। उक्त कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने सिविल सर्जन सह अधीक्षक, जिला चिकित्सालय बैतूल डॉ. जगदीश घोरे को संपूर्ण कार्यक्रम का नोडल अधिकारी एवं प्रभारी जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. प्रांजल उपाध्याय मो.न. को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## स्व.ओम प्रकाश सलूजा स्मृति में... एक हाथ में तिरंगा, दूसरे हाथ से 108 ने किया रक्तदान



**बैतूल।** स्व.ओम प्रकाश सलूजा के सातवें पुण्य स्मरण पर मां शारदा सहायता समिति बैतूल एवं सलूजा परिवार द्वारा ओम मेडिकल स्टोर्स गंज प्रांगण में एक ऐसा अभिनव और भावनात्मक आयोजन किया गया, जिसने देशभक्ति और मानवता की सेवा को एक मंच पर ला खड़ा किया। एक हाथ में तिरंगा देश की शान, दूजे हाथ से रक्तदान की भावना के साथ 108 लोगों ने रक्तदान कर समाज को नई प्रेरणा दी, जिसमें महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल, केंद्रीय राज्य मंत्री भारत सरकार डी.डी. उइके, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पवार, आमला-सारणी विधायक डॉक्टर योगेश पंडाग्रे, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती पार्वती बाई बारस्कर, श्रीमती पुष्पा सलूजा, कांग्रेस सेवा दल जिला अध्यक्ष अनुराग मिश्रा, हेमंत पगारिया, दीपक सलूजा, सुनील सलूजा, विजय सलूजा, संजय शुक्ला एवं संस्था संस्थापक शैलेंद्र बिहारिया द्वारा स्व. ओम प्रकाश सलूजा को पुष्पांजलि अर्पित कर एवं रिबन काटकर किया गया। कार्यक्रम में पं.कांत दीक्षित, प्रमोद अग्रवाल, राजसिंह परिहार, मंजीत सिंह सहानी, दीपक खुराना, राजू अग्रवाल एवं गुड्डू शर्मा ने रक्तदान के महत्व और स्वर्गीय ओम प्रकाश सलूजा के सेवाभावी व्यक्तित्व पर प्रेरक उद्बोधन दिए, जिससे उपस्थित लोगों में सेवा भाव और अधिक प्रबल हुआ। शिविर स्थल पर रक्तदान जागरूकता प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें रक्तदान के लाभ और रक्तदान कौन कर सकता है जैसी जानकारियां सरल चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत की गईं। प्रदर्शनी देखकर कई लोग रक्तदान के लिए प्रेरित हुए और तत्काल रक्तदाता बने। प्रदेश का यह पहला आयोजन रहा, जहां रक्तदान को समर्पित आर्केस्ट्रा प्रस्तुत किया गया। साक्षी शर्मा, डॉक्टर सागर बिंझाड़े, अनंत तिवारी, भरत सूर्यवंशी, वंदना झरबडे, पूनम धोटे, कमलती चौहान, संगीता राठौड़, चंचल पांसे और नूतन लुहाडय़ा ने अपने स्वयं रचित रक्तदान गीतों की प्रस्तुति दी। यारा हो यारा रक्त है तेरा बड़ा न्यारा, देने से इसको हानि नहीं है, बन जाता उतना दोबारा जैसे गीतों पर रक्तवीर उत्साह से झूम उठे।

## कुएं के पारिवारिक विवाद ने लिया हिंसक रूप, 6 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

बोरदेही थाना क्षेत्र के ग्राम मधनी आमढाना में पुश्तैनी कुएं के उपयोग को लेकर चल रहा पारिवारिक विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। इस घटना में चाचा और भतीजे के परिवारों के बीच हुए हमले में एक बुजुर्ग सहित छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। 70 वर्षीय बुजुर्ग की हालत नाजुक बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, एक ही परिवार के चाचा और भतीजे के बीच कुएं को बंद करने और उसके उपयोग को लेकर शनिवार से विवाद चल रहा था। विवाद बढने पर एक पक्ष ने बोरदेही थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप है कि शिकायत कर थाने से लौटते समय, रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे 10 से 15 लोगों ने अचानक परिवार पर हमला कर दिया। हमलावरों ने बिना किसी चेतावनी के लाठी, डंडे, रॉड और पत्थरों से ताबड़तोड़ हमला किया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

इस हमले में 70 वर्षीय किशन अमरूते गंभीर रूप से घायल हो गए। अन्य घायलों में हिमांशु अमरूते (19), संजय अमरूते (35), राजेश अमरूते (40), संगीता अमरूते (36) और जयश्री अमरूते (18) शामिल हैं। सभी घायलों को पहले बोरदेही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत होने पर उन्हें बैतूल जिला अस्पताल रेफर किया गया। देर रात करीब 11.30 बजे उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने सतर्कता बढ़ा दी है। बोरदेही थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## एक कार पलटी, दो कारों की आपस में टक्कर, 5 घायल



**बैतूल।** बैतूल-नागपुर फोरलेन (हाईवे-46) पर सापना डेम के पास रविवार शाम सडक़ पर फैली गिट्टी से बड़ा हादसा हो गया। हाईवे पर 20 मीटर तक गिट्टी बिखरी होने से एक के बाद एक तीन कारें दुर्घटनाग्रस्त हो गईं। पहले एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई। कुछ देर बाद 2 अन्य कारें फिसलकर टकरा गईं। कार चालकों सहित करीब 5 लोग घायल हुए हैं। दुर्घटनाग्रस्त कार बेंगलुरु से वृंदावन की ओर जा रही थी। सापना डेम के पास फोरलेन पर अचानक फैली गिट्टी के कारण कार का संतुलन बिगड़ा और वह सडक़ से नीचे जा गिरी। इसके बाद पीछे से आ रही दो अन्य कारें भी गिट्टी पर फिसल गईं और एक-दूसरे में जा घुसीं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कारों में सवार महिलाओं को अधिक चोटें आई हैं। बैतूल बाजार पुलिस मौके पर पहुंची। आसपास मौजूद ग्रामीणों की मदद से राहत एवं बचाव कार्य किया गया। एंबुलेंस सभी घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और सडक़ पर गिट्टी फैलने के कारणों की भी पड़ताल की जा रही है।

## रामानुजन के जीवन पर डाला प्रकाश

## गणित दिवस पर केन्द्रीय विद्यालय में आयोजित हुईं गतिविधियां




**सारनी।** महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन, जिनका जन्म 22 दिसंबर 1887 को हुआ था, के जन्मदिवस के अवसर पर केन्द्रीय विद्यालय सारनी में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया। कार्यक्रम गणित- सबके लिए थीम पर आधारित रहा। इस अवसर पर कक्षा ग्यारहवीं की छात्राएँ रिफ़ात परवीन एवं धानी घोष द्वारा गणितीय प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढक़र भाग लिया। प्रश्नोत्तरी के माध्यम से गणित को सरल, रोचक एवं दैनिक जीवन से जुड़ा बताया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्रा सिया मालवीय द्वारा बनाई गई श्रीनिवास रामानुजन की आकर्षक पेंटिंग ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। विद्यालय के वरिष्ठ गणित शिक्षक अतुल गुप्ता ने रामानुजन के जीवन, संघर्ष एवं गणितीय शैली पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वे अंतःप्रेरणा आधारित गणितीय सोच के लिए जाने जाते थे और संख्या सिद्धांत व अनंत श्रेणियों में उनका योगदान आज भी विश्वभर के गणितज्ञों को प्रेरित करता है। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि गणित केवल अंकों का विषय नहीं, बल्कि तार्किक सोच और समस्या समाधान का मजबूत आधार है।

## आयुष विभाग ने मनाया विश्व ध्यान दिवस

**बैतूल।** संचालनालय आयुष विभाग मध्य प्रदेश शासन के आदेशानुसार 21 दिसंबर को जिले की समस्त आयुष संस्थाओं में विश्व ध्यान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर योगेश चौकीकर ने बताया कि शासन के आदेशानुसार स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन की वार्षिक कार्य योजना के सक्रिय क्रियान्वयन हेतु जिले के समस्त संस्था प्रभारियों को निर्देशित किया गया था। यह कार्यक्रम रामचंद्र मिशन हार्टफुलनेस संस्थान एवं भारतीय योग संघ मध्य प्रदेश द्वारा 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस पर सरलतम पद्धति से ध्यान करवाया गया। ध्यान सत्र का ऑनलाइन आयोजन रात्रि 8 बजे से यूट्यूब पर प्रारंभ हुआ। जिसका लाभ समस्त जन सामान्य ने भी प्राप्त किया। शासन के आदेश परिपालन में जिले की समस्त आयुष संस्थाओं में अपने-अपने क्षेत्र के स्कूलों के बच्चों एवं किशोर में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रकार एवं कारण की पहचान कर उनका निदान करने हेतु एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन चिकित्सा अधिकारियों द्वारा किया गया।

## 25 से श्रीमद् देवी भागवत पुराण ज्ञान यज्ञ

**शाहपुर।** नगर के स्टाफ क्वार्टर स्थित डैम के पास शिव मंदिर में 25 दिसंबर गुरुवार से श्रीमद देवी भागवत पुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कथा के प्रथम दिवस कलश यात्रा निकाली जायेगी। कलश यात्रा प्रातः 9.00 बजे प्रारंभ होगी। उसके बाद देवताओं का आह्वान, प्रतिष्ठा दोपहर 12 और 2 बजे से शाम 5 तक प्रतिदिन कथा सुनाई जायेगी। कथा वाचक पंडित योगेंद्र शर्मा गंज बासौदा वाले के मुखारबिंद से भक्तों को श्रावणित कराई जावेगी। प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से मातारानी के सुंदर भजन की प्रस्तुति होगी।

**CHANGE OF NAME**

I, No.15663356M Rank-EX SIGMN Name- **BABU LAL PAWAR** is legal father of **HETANSH** residing at Vill.- Multai, Post-Multai, Teh.-Multai, Distt.-Betul (MP)-460661 have changed my Son's Name From **HETANSH** to **HETANSH PAWAR** vide Affidavit dated 22/12/2025 before Notary Betul.

**CHANGE OF NAME**

I, No.-14425422A, Rank- Ex Naik, **VIJAY KUMAR RATHOR** is legal father of **ISHITA** Residing at Vill.- Athner PO-Athner Teh-Athner, Distt.- Betul State-MP, Pin-460110.I have changed my daughter's name from- **ISHITA to ISHITA RATHORE** with the date of birth is 06-01-2012 (Six January Two thousand Twelve) vide affidavit date 19-12-2025 before notary Betul, Distt.- Betul (MP)

**CHANGE OF NAME**

I, No.-15688424A, SIGMN, **PRAVEEN KUMAR HARODE** is legal father of **KOMAL** Residing at Vill.-Bodkhi PO-Bodkhi, Teh.- Multai Distt. - Betul State-MP, Pin-460553.I have changed my daughter's name from **KOMAL to KOMAL HARODE** with the date of birth is 15-06-2010(Fifteen June Two Thousand Ten) vide affidavit date 10-12-2025. before notary Amla, Distt.- Betul (MP)

## रेलवे सुरक्षा दीवार होने के बावजूद अलग से फेंसिंग बनाने के मामले में जांच का आश्वासन

# रेलवे के सीनियर डीसीएम ने माना जीएम आते हैं तब करना पड़ता है कई योजनाओं पर काम

**कई ट्रेनों के स्टॉपेज पर भी बन सकती है बात**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमला

24 दिसंबर को रेलवे के जनरल मैनेजर वी.गुप्ता आमला का दौरा करने वाले हैं। इसको लेकर बीते एक माह से रेलवे स्टेशन, रेलवे कॉलोनी सहित पूरे रेल परिसर को विशेष रूप से सुसज्जित किया जा रहा है। रेलवे के जीएम के दौरे को लेकर नागपुर डिवीजन के डीआरएम विनायक गर्ग ने सोमवार को रेलवे परिक्षेत्र की उन सभी इलाकों का भी दौरा किया, जहां-जहां रेलवे के जनरल मैनेजर जाने वाले हैं, जिनमें आमला रेलवे स्टेशन, ड्राइवर गार्ड लॉबी,रेलवे हॉस्पिटल, रेलवे कॉलोनी और निर्माणाधीन रेलवे की नई कार्यालय बिल्डिंग शामिल है। आमला रेलवे में जनरल मैनेजर के दौरे पर रेलवे में किया जा रहे अनावश्यक खर्च को लेकर मीडिया के सवालों के जवाब में सीनियर डीसीएम ने माना है कि जब भी रेलवे के जनरल मैनेजर आते हैं, तो पूरे स्टेशन परिसर का खास तौर पर रंग रोगन और सुधार कार्य किया जाता है, ये अनावश्यक खर्च नहीं है, किंतु जब मीडिया ने ये सवाल किया कि यहां ऐसे स्थल जहां अभी अमृत भारत योजना के तहत करोड़ों के कार्य चल रहे है, जिनमें कुछ जगह मसलन पुराना रेलवे ब्रिज, बुकिंग ऑफिस भी तोड़ा जाना है, उन स्थलों पर भी आखिर खर्चा क्यों किया जा रहा है। जिस पर सीनियर डीसीएम अमन मित्तल ने कहा कि उपरोक्त स्थल अभी लगभग एक वर्ष तक ऐसे ही रहने वाले हैं। ऐसे में यात्रियों के लिए ही यह खर्च किया जा रहा है। मीडिया के एक सवाल, जिसमें पूछा गया कि वार्ड नंबर 5 और 6 से लगी रेलवे सीमा पर जहां पहले से ही रेलवे की सुरक्षा दीवार बनी हुई है, वहां भी रेलवे अपने आप को समेटते हुए नई फेसिंग कर रही है, इस सवाल के जवाब में सीनियर डीसीएम ने कहा कि इस मामले में जांच की जाएगी।

### ऊबड़ खाबड़ टाइल्स में सुधार नहीं, गिर चुके हैं यात्री

रेलवे के जनरल मैनेजर के दौरे को लेकर आमला रेलवे कहीं ना कहीं आपाधापी और आनन-फानन में कुछ कार्य तो कर रही है, किंतु इन कार्यों की गुणवत्ता और बेवजह लाखों के खर्चे पर सवाल आखिर तक जस का तस बना रहेगा। कई जगहों पर रातोंरात कई



सडक़ निर्माण, निर्माणाधीन भवनों पर छत ढालना कई जगहों पर पेविंग ब्लॉक लगाना जैसे कई कार्य बेहद आपाधापी में किए गए हैं। पुराने ब्रिज के सामने स्टेशन में प्रवेश करते समय यहां लगी हुई टाइल्स कई जगहों पर बेहद ऊबड़ खाबड़ तरीके से लगी है, जिसमें यहां यात्री भी गिर रहे हैं, किंतु अधिकारियों ने ऐसी दुर्घटना वाले मुख्य स्थलों पर भी रंग रोगन का दिखावा करने का असफल प्रयास किया है। इस मामले में भी सीनियर डीसीएम ने कार्यवाही का भरोसा दिया है।

### ट्रेनों के स्टॉपेज पर बन सकती है बात

आमला आ रहे रेलवे के जनरल मैनेजर के दौरे को लेकर एक बार फिर यहां कई महत्वपूर्ण ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग ताजा होने लगी है। गौरतलब है कि संभवतः आमला जंक्शन भारत का एकमात्र ऐसा रेलवे जंक्शन है, जहां इटारसी से आने और नागपुर जाने के लिए लगभग 6 से 7 घंटे का ब्लॉक लग जाता है। ऐसे में वर्षों से यहां के लोगों को दिक्कतें हो रही है, इसमें दोपहर लगभग 2 बजे के बाद नागपुर जाने के लिए रात 11 बजे तक कोई ट्रेन नहीं है, ऐसा ही कुछ सुबह 6 बजे के बाद से दोपहर 12 बजे तक भोपाल इंदौर और जबलपुर रूट पर जाने के लिए भी कोई मेल और एक्सप्रेस ट्रेन नहीं है, इस मौके पर अधिकारियों द्वारा बताया गया है कि आमला में लोगों की यह मांग वर्ष पुरानी है। अगर इलाके के सांसद इसके लिए प्रयास करें तो बात बन भी सकती है।

## नगर परिषद द्वारा घटिया स्वागत द्वार निर्माण की पोल खुली

# निर्माण के कुछ दिन बाद ही गेट से गिरने लगे पत्थर, घायल हो सकते हैं नागरिक

नप द्वारा लाखों रुपए लागत से कथित रूप से सुंदर स्वागत द्वार शहर में बनाया गया है। लेकिन घटिया निर्माण एवं निश्चित भ्रष्टाचार की पोल सोमवार को द्वार से टूटकर गिरे एक पत्थर ने खोल दी है। नागरिकों ने गुणवत्ता की जांच की मांग की है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर नगर परिषद द्वारा लोक निर्माण विभाग रेस्ट हाउस के समीप लाखों रुपए लागत से कथित रूप से सुंदर स्वागत द्वार शहर में बनाया गया है। लेकिन घटिया निर्माण एवं निश्चित भ्रष्टाचार की पोल सोमवार को द्वार से टूटकर गिरे एक पत्थर ने खोल दी है। जिसके चलते नागरिकों में चिंता एवं रोष है।

नागरिकों ने बताया कि लगभग 20 लाख रुपए लागत से पूर्व विधायक प्रतिनिधि एवं क्षेत्र के चर्चित भाजपा नेता रहे स्वर्गीय मनोज खंडेलवाल की स्मृति में सोहागपुर नगर परिषद ने स्वागत द्वार बनाया है। द्वार के निर्माण में राजस्थानी पैटर्न के लाल बलुआ पत्थर का उपयोग किया गया है। कुछ दिन पूर्व ही क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं नगर परिषद के अधिकारियों ने अति सुंदर स्वागत द्वार निर्माण करने की वाहवाही लूटी है।

लेकिन सोमवार को स्वागत द्वार के निचले सिरे से टूटकर सड़क पर गिरे एक पत्थर ने वाहवाही पर पानी फेरकर जता दिया है कि सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा की सरपरस्ती में घटिया निर्माण शहर में हो रहे हैं। मामले में नागरिकों ने कहा कि पत्थर के सिरे टूटकर किसी भी आते जाते व्यक्ति अथवा वाहन पर गिर सकते हैं। जिससे नागरिक गंभीर रूप से चोटिल हो सकते हैं। नागरिकों ने नप सीएमओ व अधीनस्थों को धिक्कारते हुए भ्रष्ट व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। नागरिकों ने कहा कि एक अच्छे व्यक्ति की स्मृति में घटिया निर्माण करना निंदनीय है।

### कांग्रेस की मांग...

कांग्रेस नेताओं ने आपत्ति दर्ज की है। कांग्रेसियों का कहना है कि नवनिर्मित स्वागत द्वार से भारी पत्थर का गिरना आमजनों के लिए जानलेवा हो सकता है। पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष संतोष मालवीय ने कहा कि टूटकर गिरा पत्थर वर्तमान नगर परिषद की भ्रष्ट हो चुकी व्यवस्था का प्रमाण है। जो सौंदर्यीकरण के नाम पर घटिया निर्माण कार्य कर रही है। कांग्रेसियों ने सोहागपुर एसडीएम एवं नर्मदापुरम कलेक्टर से मांग की है कि लाखों रुपए लागत से किए गए कार्य की निष्पक्ष जांच हो तथा दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

### जिम्मेदार कौन?

मामले में सोहागपुर के मीडिया कर्मियों ने सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा सहित उपयंत्री व नगर परिषद के सभी जनप्रतिनिधियों से संपर्क के प्रयास किये। लेकिन सभी जिम्मेदार मामले में मौन साधे हुए हैं। हरिभूमि प्रतिनिधि ने सोमवार शाम सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा से चर्चा की, तो उन्होंने कहा कि मैं सोहागपुर शहर से बाहर हूं एवं मुझे ज्ञात नहीं है कि द्वार का कोई पत्थर टूटकर गिरा है। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि सोमवार सुबह हुई इस घटना की जानकारी सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा को शाम 5:30 बजे तक नहीं मिल सकी थी। इसे अधीनस्थ कर्मचारियों की मनमानी कहें या सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा का कर्मचारियों पर नियंत्रण नहीं होना कहें, क्योंकि इतनी खराब स्थिति की जानकारी अधिकारी को प्राप्त नहीं थी।

# स्कूलों में हिंदू बच्चों को सांता क्लॉज बनाने पर भड़का हिंदू, प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



क्रिसमस पर्व को लेकर हिन्दू महाशक्ति संघ ने कड़ा रुख अपनाया है। संघ ने स्कूलों में हिंदू बच्चों को सांता क्लॉज बनाने और उनसे जुड़े कार्यक्रमों के आयोजन के विरोध में एसडीएम और पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है।

### धार्मिक भावनाओं का हवाला और चेतावनी

संघ के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी व राष्ट्रीय संगठन मंत्री जीतेंद्र राजवंशी ने प्रशासन को स्पष्ट किया कि 25 दिसंबर को स्कूलों में हिंदू बच्चों को सांता क्लॉज की ड्रेस पहनाकर कार्यक्रम न कराए जाएं। उन्होंने कहा कि यदि किसी स्कूल के कृत्य से हिंदू धर्म की धार्मिक मान्यताएं आहत हुईं, तो संघ न केवल विरोध करेगा बल्कि उस स्कूल की मान्यता रद्द कराने हेतु कानूनी कार्यवाही और उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होगा।

संघ ने साफ किया है कि किसी भी अप्रिय स्थिति की समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।ज्ञापन सौंपने के दौरान संभागीय मंत्री सतीश कुचबंदिया, जिला अध्यक्ष कालीचरण बामने, उपाध्यक्ष वीर मालवीय, चैन सिंह खरे, प्रदीप वंशकार, दिलीप, ऋतिक बलिया, अभय खड़ोतिया, प्रदीप दशोरे और सोनू सराठे सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## इटारसी के रास्ते रीवा से मुंबई के बीच चलेंगी स्पेशल ट्रेनें

**इटारसी।** आगामी त्यौहारों और यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे ने रीवा और मुंबई के बीच स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। भोपाल मंडल के अंतर्गत यह ट्रेन इटारसी स्टेशन होकर गुजरेगी, जिससे क्षेत्र के यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। यह ट्रेन दोनों दिशाओं से 2-2 फेरे (ट्रिप) लगाएगी। गाड़ी संख्या 02187 (रीवा से मुंबई): 01 जनवरी 2026 और 08 जनवरी 2026 गुरुवार को रीवा से दोपहर 15:50 बजे प्रस्थान, कर इटारसी आगमन रात 23:20 बजे इटारसी आएगी और अगले दिन दोपहर 12:20 बजे मुंबई पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 02188 (मुंबई से रीवा) : 02 जनवरी 2026 और 09 जनवरी 2026 शुक्रवार को मुंबई से दोपहर 13:30 बजे प्रस्थान, इटारसी आगमन अगले दिन रात 01:15 बजे तथा सुबह 09:45 बजे रीवा पहुंचेगी।

### इन स्टेशनों पर होगा ठहराव

यह ट्रेन मार्ग में दोनों दिशाओं से इन प्रमुख स्टेशनों सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया, इटारसी, हरदा, खंडवा, भुसावल, मनमाड, नासिक, कल्याण और दादर स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में कुल 24 कोच लगाए गए हैं जिनमें 01 वातानुकूलित प्रथम श्रेणी, 01 वातानुकूलित टू टियर, 04 वातानुकूलित थ्री टियर, 12 शयनयान श्रेणी, 04 सामान्य द्वितीय श्रेणी 02 एसएलआर गार्ड ब्रेक वैन रहेंगे।

## कछारगढ़ के लिए निकलेगी रैली सर्व आदिवासी समाज ने की तैयारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

अगले माह 29 जनवरी को तिलक सिंदूर से कछारगढ़ के लिए निकलने वाली रैली की तैयारियों को लेकर सर्व आदिवासी संगठन ने तिलक सिंदूर मंदिर प्रांगण में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इस बैठक में समाज के पदाधिकारियों ने रैली की रूपरेखा तय की और स्वयंसेवकों को उनकी जिम्मेदारियां सौंपी।संगठन के किशन सल्लाम ने बताया कि 29 जनवरी 2026 को तिलक सिंदूर हंस गंगा का जल लेकर समाज के लोग कचारगढ़ के लिए प्रस्थान करेंगे।

सलाहकार विक्रम परते ने जानकारी दी कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भगवान बड़ादेव की आरती के साथ रैली का विधिवत शुभारंभ किया जाएगा। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर समाज द्वारा रैली का स्वागत किया जाएगा। नर्मदापुरम जिले से 400 से अधिक स्वयं सेवक इस यात्रा में शामिल होंगे। कछारगढ़ में सबसे ऊंची चोटी पर विराजमान बड़ादेव के दर्शन हेतु देशभर से लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं।

## कॉलेज की जर्जर कक्षाओं को लेकर छात्र संघ ने दी चेतावनी, नहीं माने तो करेंगे आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कक्षाओं की बदहाल और जर्जर स्थिति को लेकर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने कड़ा रुख अपनाया है। जिला अध्यक्ष मयंक चौरे के नेतृत्व में संगठन ने कॉलेज प्राचार्य को एक ज्ञापन सौंपकर तत्काल मरम्मत कार्य शुरू करने की मांग की है।

### विद्यार्थियों की सुरक्षा पर मंडरा रहा खतरा

ज्ञापन में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि कॉलेज परिसर के कुछ कमरों की स्थिति इतनी जर्जर हो चुकी है कि वहां कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती है। छात्रों का कहना है कि छतों से प्लास्टर गिरना और दीवारों में दरारें आना आम बात हो गई है, जिससे क्लास में बैठकर पढ़ाई करना जान जोखिम में डालने जैसा है। पूर्व में दी गई सूचना की अनदेखी का आरोप एन एस यू आई जिला अध्यक्ष मयंक चौरे ने बताया कि इस समस्या को लेकर संगठन पहले भी कॉलेज प्रशासन को अवगत करा चुका है, लेकिन आज दिनांक तक इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। प्रशासन की इसी उदासीनता के चलते संगठन को दोबारा यह द्वितीय संज्ञान हेतु आवेदन देना पड़ा है।

छात्र संगठन ने कॉलेज प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि अगले 15 दिनों के भीतर क्षतिग्रस्त कक्षों के निर्माण या सुधार का कार्य शुरू नहीं किया जाता है, तो संगठन उग्र रुख अपनाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र कार्यकर्ता उपस्थित रहे जिन्होंने जल्द से जल्द बेहतर शैक्षणिक वातावरण और सुरक्षित भवन की मांग दोहराई है।

### इनका कहना है

अगर समय रहते कार्य प्रारंभ नहीं होता है, तो 15 दिन बाद संगठन द्वारा कॉलेज में धरना प्रदर्शन और तालाबंदी की जाएगी, जिसकी जिम्मेदारी कॉलेज प्रशासन की होगी।

**मयंक चौरे, जिला अध्यक्ष, एनएसयूआई**

## ग्राम प्रस्फुटन समिति की बैठक में जलस्रोतों के संरक्षण पर हुई चर्चा

**सोहागपुर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति नीमनमूड़ा की बैठक गत दिवस ग्रापं भवन में की गई। जिसमें ग्रामीण सम्मिलित हुए। बैठक में कमल किरार ने ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के दस्तावेजीकरण, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल संचय की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आगामी समय में जलस्रोतों पर बोरी बंधान की गतिविधियां भी की जाएंगी। इसके अलावा क्षेत्र के सौंदर्यीकरण, गांवों में नाली तथा रास्तों के निर्माण के संबंध में भी विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति नीमनमूड़ा अध्यक्ष सतीश वर्मा, सोहागपुर मित्र संघ समिति की सेक्टर एक से समिति प्रभारी मंजू पवार, गोविंद पटेल, समिति सचिव किशोर, मंगल सिंह एवं अन्य ग्रामीण भी उपस्थित रहे। बैठक के अंत में ग्राम में पदस्थ शिक्षिकाओं एवं वरिष्ठ ग्रामीणों को गीता संदेश संबंधी साहित्य दिया गया।

## शा.महात्मा गांधी महाविद्यालय में राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ एवं गणित विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय गणित दिवस गरिमापूर्ण तरीके से मनाया। शुभारंभ प्राचार्य डॉ. राकेश मेहता एवं वरिष्ठ प्राध्यापकों द्वारा मां सरस्वती के पूजन एवं महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन को पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. राकेश मेहता ने कहा कि गणित केवल अंकों का खेल नहीं, बल्कि भारत की बौद्धिक पहचान है। उन्होंने प्राचीन भारतीय गणितज्ञों आर्यभट्ट, ब्रह्मगुप्त और भास्कराचार्य का उल्लेख करते हुए बताया कि बोडामास जैसे नियम हमारे यहां सदियों पहले से प्रचलित थे। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे वैदिक गणित को अपनाकर अपनी स्मरण शक्ति और गणना की गति बढ़ाएं। प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. रश्मि तिवारी ने कहा कि भारत की महान खोज शून्य ने ही पूरे विश्व की गणना प्रणाली को आधार दिया है। आज का डिजिटल युग भारतीय गणितीय दर्शन का ही परिणाम है। डॉ. राजेश कुमार एवं भोजराव बनकर ने भी अपने विचार साझा किए।

## गोवत्स राधाकृष्ण महाराज ने श्रीजी कृपा गोशाला में नवीन शेड का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



न्यास कॉलोनी स्थित श्री द्वारकाधीश राम जानकी मंदिर समिति एवं जनसहयोग से संचालित श्रीजी कृपा गोशाला में सोमवार को नवीन शेड का लोकार्पण हुआ। अंतर्राष्ट्रीय कथा व्यास गोवत्स राधाकृष्ण महाराज के कर कमलों एवं समिति अध्यक्ष क्षेत्रीय विधायक डॉ सीतासरन शर्मा के मुख्य आतिथ्य में गौशाला परिसर में गोवंश के लिए निर्मित नए शेड का लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर महाराज ने उपस्थित जनों को संबोधित भी किया।

उल्लेखनीय की महाराज राधे कृष्णा इटारसी में नानी बाई रो मायरा की कथा श्रवण करने पधारे हैं इस श्रृंखला में उन्होंने श्री की कृपा गोशाला पहुंचकर नवीन सेट का लोकार्पण किया एवं गो माता के महत्व का वर्णन करते हुए नागरिकों को संबोधित किया महाराज ने क्षेत्रीय विधायक डॉ शर्मा के साथ गौशाला का निरीक्षण कर गोवंश को चारा भी खिलाया।

गोशाला संचालन समिति के प्रमुख रमेश चांडक ने महाराज शका शाल श्रीफल से स्वागत किया। इस दौरान कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी प्रमोद पगारे ने किया। इस अवसर पर सभापति राकेश जाधव, प्रदीप मालपानी, विजय मालपानी, उमेश अग्रवाल, अशोक मालवी, संजय गोठी, अनिल राठी, ओपी गांधी, विपिन चांडक, अर्पण महेश्वरी, प्रहलाद बंग, पंकज अग्रवाल, श्रीकांत मोलसरिया सहित अन्य उपस्थित रहे।

## नशा मुक्ति के संकल्प के साथ एनएसएस का शिविर आयोजित




हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों द्वारा सोमवार को ग्राम जुझारपुर में एक दिवसीय दिवा शिविर का आयोजन किया। बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार आयोजित इस शिविर का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. राकेश मेहता ने हरी झंडी दिखाकर किया।शिविर के दौरान स्वयंसेवकों, ग्रामीणों और स्कूली बच्चों को जीवनभर नशा न करने की सामूहिक शपथ दिलाई गई।जागरूकता रैली एवं नारे : स्वयंसेवकों ने जन-जन का यही नारा, नशा मुक्त हो देश हमारा जैसे प्रेरणादायी नारों के साथ पूरे गांव में रैली निकाली। नशा मुक्ति का संदेश देने के लिए छात्रों ने एक मार्मिक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें नशे से होने वाले पारिवारिक और शारीरिक नुकसान को दर्शाया गया। साथ ही एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए मानव श्रृंखला भी बनाई गई।

## शा. महात्मा गांधी महाविद्यालय की जर्जर कक्षाओं को लेकर छात्र संघ ने दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कक्षाओं की बदहाल और जर्जर स्थिति को लेकर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने कड़ा रुख अपनाया है। जिला अध्यक्ष मयंक चौरे के नेतृत्व में संगठन ने कॉलेज प्राचार्य को एक ज्ञापन सौंपकर तत्काल मरम्मत कार्य शुरू करने की मांग की है।

**विद्यार्थियों की सुरक्षा पर मंडरा रहा खतरा:** ज्ञापन में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि कॉलेज परिसर के कुछ कमरों की स्थिति इतनी जर्जर हो चुकी है कि वहां कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती है। छात्रों का कहना है कि छतों से प्लास्टर गिरना और दीवारों में दरारें आना आम बात हो गई है, जिससे क्लास में बैठकर पढ़ाई करना जान जोखिम में डालने जैसा है। पूर्व में दी गई सूचना की अनदेखी का आरोप एन एस यू आई जिला अध्यक्ष मयंक चौरे ने बताया कि इस समस्या को लेकर संगठन पहले भी कॉलेज प्रशासन को अवगत करा चुका है, लेकिन आज दिनांक तक इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

**15 दिन का अल्टीमेटम:** छात्र संगठन ने कॉलेज प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि अगले 15 दिनों के भीतर क्षतिग्रस्त कक्षों के निर्माण या सुधार का कार्य शुरू नहीं किया जाता है, तो संगठन उग्र रुख अपनाएगा।

इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र कार्यकर्ता उपस्थित रहे जिन्होंने जल्द से जल्द बेहतर शैक्षणिक वातावरण और सुरक्षित भवन की मांग दोहराई है।

## शेखर 'साहित्य भूषण' और 'वाचस्पति' सम्मान से विभूषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



नगर के निवासी शेखर दुगाया पिता घनश्याम दुगाया को उनके उत्कृष्ट कार्यों और साधना के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त हुआ है। उन्हें भागीरथी हिंदी विद्यापीठ एवं शोध संस्थान द्वारा उनके द्वारा किए गए विशिष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया है।

### इन क्षेत्रों में मिला सम्मान

शेखर दुगाया को यह सम्मान मुख्य रूप से निम्नलिखित क्षेत्रों में उनके समर्पण और विशेषज्ञता के लिए प्रदान किया गया है। वैदिक ज्योतिष तंत्र विज्ञान, हिन्दी साहित्य एवं समाजसेवा

### प्रमुख उपाधियां

संस्थान ने उन्हें उनकी रचनात्मकता और विशिष्ट कार्यों को रेखांकित करते हुए इन मानद उपाधियों से सम्मानित किया है। साहित्य भूषण वाचस्पति सम्मान संस्थान का संदेश रुड़की स्थित संस्थान दिव्य गंगा सेवा मिशन का शैक्षणिक प्रकल्प ने विश्वास व्यक्त किया है कि शेखर दुगाया का योगदान साहित्य और संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन में एक मार्गदर्शक की भूमिका निभाएगा। उनकी इस उपलब्धि पर स्थानीय शुभचिंतकों और परिजनों में हर्ष का माहौल है।

### अखिल भारतीय कायस्थ समाज ने की चित्रगुप्त घाट पर सफाई

## स्वच्छता अभियान के इस पुनीत कार्य में हम सभी को आगे आना चाहिए, यह कायस्थ समाज की अनुकरणीय पहल : विजयपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



शहर के नर्मदा किनारे घाटों पर चल रहे स्वछता अभियान जैसे पुनीत कार्य में हम सभी को आगे आना चाहिए। अखिल भारतीय कायस्थ समाज मातृशक्ति की यह अनुकरणीय पहल है। हर रविवार घाटों पर साफ सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया जाता है, इसकी में प्रशंसा करता हूं और आप सभी पर मां नर्मदा की कृपा बनी रहे इसकी कामना करता हूं। यह बात रविवार को स्वच्छता अभियान में शामिल हुए सुहागपुर विधायक विजयपाल ने कही। उन्होंने कहा कि कायस्थ समाज मातृशक्ति द्वारा नर्मदा की साफ सफाई अभियान अच्छा कार्य है। उन्होंने कहा कि हम सभी को मां नर्मदा के घाटों को को स्वच्छ रखना है। मातृ शक्ति द्वारा नर्मदा किनारे से फूल माला व अन्य सामग्री को मातृशक्ति द्वारा निकाला जाता है। मैं ऐसे मातृशक्ति को प्रणाम करता हूं । उन्होंने कहा कि हमारा नर्मदा पुरम संपूर्ण विश्व में जाना पहचाना जाता है। विजयपाल ने कहा कि हम सबको इस पुनीत कार्य में आगे आना चाहिए और इसमें हिस्सा लेना चाहिए। इस मौके पर राजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव, नगर पालिका उपाध्यक्ष अभय वर्मा, सीबी खरे, केशव देव वर्मा, मनोज वर्मा, गुड्डू वर्मा, सुरेन्द्र यदु, लालता प्रसाद, दुलारे, आदित्य दीपक थापक मंजू श्रीवास्तव, ज्योति वर्मा, प्रीति खरे, सुमन वर्मा, अनीता वर्मा, जानकी, श्रद्धा यदु, अदिति वर्मा, रश्मि वर्मा, नेहा थापक, रश्मि सक्सैना , रश्मि वर्मा ,अश्वनी वर्मा ,विजय वर्मा अशोक वर्मा मौजूद थे।

इस मौके पर विधायक विजय पाल ने कहा कि बांद्राभान आश्रम में एक पहन शुरू की गई है। जो भी व्यक्ति चाहे वह परिक्रमावासी हों या आम आदमी पॉलिथीन का उपयोग नहीं करेंगे, इसका संकल्प दिलाया जाता है। उन्होंने कहा कि बांद्रा भान बाय राम आश्रम में श्रद्धालु से निवेदन किया जाता है कि वह पॉलिथीन का उपयोग न करें। हमारे आश्रम से ही हमने हर व्यक्ति से इस पहल के लिए अपील की है।

## जीनियस प्लानेट स्कूल में स्पोर्ट्स मीट ऊर्जा स्पिरिट का शुभारंभ




हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

जीनियस प्लानेट स्कूल में सोमवार को स्पोर्ट्स मीट 2025 ऊर्जा स्पिरिट का हर्षोल्लास के साथ शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर अतिथि के रूप मे एक्सप्रेस 11 के संचालक विष्णु पांडे, कुलभूषण मिश्रा उपाध्यक्ष एमपीसीए, तरुण पोपली स्पोर्ट्स प्रमोटर, डॉ ताबिस अरोरा, जितेंद्र ओझा, चंचल पटेल, राकेश पांडे, सुनील औरंगाबादकर और स्कूल संरक्षक मो यूनुस सिद्दीकी उपस्थित रहे। आतिथियो द्वारा स्कूल का ध्वज फहरा कर स्पोर्ट्स मीट का शुभारंभ किया गया।

स्पोर्ट्स मीट के प्रथम दिवस पर कक्षा नर्सरी से कक्षा 5वी तक के बच्चों की फाइनल रेस बकेट रेस, सेक रेस, 100 मीटर, 200 मीटर, फ्रॉग जम्प आदि हाउस वाइज करवाई गई तथा विनर को गोल्ड, सिल्वर और ब्रांस मेडल और सर्टिफिकेट दिए गए।

नेटवर्क विहीन ग्रामों में शिक्षकों को ई-अटेंडेंस से मिलेगी छूट

# सामुदायिक स्वच्छता परिसर उपयोगी अवस्था में रहना चाहिए: कलेक्टर

*शहरी क्षेत्रों में नियमानुसार अनुमति लेकर ही हो भवन निर्माण*

*जिले में जैविक दुग्ध विक्रय को मार्केट उपलब्ध कराया जाएगा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶हरदा



कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने जिले में जैविक दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने तथा इसके विक्रय के लिये मार्केट उपलब्ध कराने के कृषि एवं पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होने कहा है कि जैविक कृषि से जुड़े किसानों को जैविक दूध उत्पादन से जुड़ने के लिये भी प्रोत्साहित किया जाए। सोमवार को आयोजित समयावधि अंकित पत्रों की समीक्षा बैठक में उन्होने निर्देश दिये कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में निर्मित सभी सामुदायिक स्वच्छता परिसर उपयोगी अवस्था में रहें, यह सुनिश्चित किया जाए। इन परिसरों में पानी की भी अनिवार्य रूप से उपलब्धता रहे। कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के भ्रमण के दौरान वे इन परिसरों की व्यवस्था का निरीक्षण करेंगे।

उन्होने कहा कि आंगनवाड़ी केन्द्रों में बच्चों के लिये निर्मित हेण्डवाश यूनिट भी दुरूस्त एवं उपयोगी अवस्था में रहें। बैठक में कलेक्टर ने नगरीय क्षेत्रों में उचित अनुमति के उपरान्त ही भवन निर्माण किये जाने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि बिना अनुमति के निर्मित भवनों को तोड़ने की कार्यवाही की जाए। शिक्षकों की हमारे शिक्षक एप से ई-अटेण्डेंस की समीक्षा के दौरान उन्होने कहा कि नेटवर्क विहीन ग्रामों में शिक्षकों को ई-अटेंडेंस से छूट दी जाए। इस दौरान ग्राम हंडिया में शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये गये। बैठक में शासकीय चिकित्सालयों में आवश्यक उपकरण दिये जाने के लिये भी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को पाबंद किया गया।

### भ्रमण की जानकारी परख एप पर दर्ज करें

बैठक में नर्मदा परिक्रमा पथ की प्रगति, अधिकारियों को मैदानी क्षेत्रों के भ्रमण की जानकारी परख एप पर दर्ज करने एवं पटवारियों के ग्राम पंचायतों में बैठने के दिनों की सार्थक एप पर उपस्थिति दर्ज करने की स्थिति की भी समीक्षा की गई। इसके साथ ही राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरूस्ती, राजस्व वसूली के कार्य की प्रगति की जानकारी ली गई। कलेक्टर ने कहा कि जिले में फार्मर रजिस्ट्री का कार्य प्राथमिकता से सम्पन्न कराया जाए। ग्राम पंचायतों द्वारा जलकर एवं अन्य करों की वसूली में प्रगति लाने के भी बैठक में निर्देश दिये गये।

### योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचाएं

सुशासन सप्ताह के तहत प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम में बेहतर कार्य किये जाने एवं शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुँचाने के निर्देश दिये गये। बैठक में जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले आवेदनों के निराकरण की स्थिति की भी समीक्षा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय एवं रजनी वर्मा, एसडीएम हरदा अशोक डेहरिया, एसडीएम खिरकिया शिवांगी बघेल सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

---

प्रशासन गांव की ओर अभियान का आयोजन

# सुशासन सप्ताह के तहत शिविर लगाकर अफसरों ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶हरदा

जिले में 19 दिसंबर से 24 दिसंबर 2025 के मध्य सुशासन सप्ताह - प्रशासन गाँव की ओर अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शासन की योजनाओं और सेवाओं की अंतिम छोर तक प्रभावी डिलीवरी सुनिश्चित करना, जन शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निराकरण करना, प्रशासनिक कार्यप्रणाली में पारदर्शिता तथा उत्तरदायित्व और संवेदनशीलता को सुदृढ़ करना है। प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत सोमवार को जिले की ग्राम पंचायत नांदरा, मांगरूल, झाड़पा, भाटपरेटिया, जामलीदमामी, जयमलपुरा, मुहालकला, मरदानपुर, मांदला, छुरीखाल, जिनवानिया, छिड़गांवमेल, गोंदागांवखुर्द, डेहरिया, छिरपुरा, चारखेड़ा व कपासी में विशेष शिविर आयोजित किये गये। शिविर के दौरान ग्रामीणों से आवेदन लेकर उनकी समस्याओं का निराकरण किया गया। शिविर में विभागीय अधिकारियों द्वारा विभागों में संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी ग्रामीणों को दी गई।

## सुशासन दिवस पर कल दिलाई जाएगी शपथ

**हरदा।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मापदण्डों के महत्व को प्रतिपादित करते हुए उनके जन्म-दिवस 25 दिसम्बर के एक दिन पूर्व 24 दिसम्बर को सुशासन दिवस मनाया जाता है। बुधवार 24 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे सभी शासकीय कार्यालयों में सुशासन दिवस की शपथ दिलाई जायेगी। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने सभी अधिकारी कर्मचारियों को 24 दिसम्बर को अपने-अपने कार्यालयों में सुशासन दिवस की शपथ लेने के निर्देश दिये हैं।

---

वनग्राम लाखादेह, चूरनी, बापचा, आमढाना, बड़झिरी व सिंगोड़ा में गरम वस्त्र बांटे

# 17 वर्ष से बच्चों व बुजुर्गों को शीत लहर से बचाव की चला रहे मुहिम



हरिभूमि न्यूज ▶▶रहटगांव

टिमरनी के समाजसेवीयों के समूह ने जिले की दक्षिणी सीमा पर बसे ग्राम चूरनी से गर्म वस्त्र वितरण कार्य प्रारंभ किया। विकासखंड मुख्यालय से 60 किलोमीटर दूर सतपुड़ा पर्वत श्रृंखला में बसे वनग्रामों में विकास का पहिया आज भी धीमी गति से घूम रहा है जिसका परिणाम है कि अधिकांश ग्रामवासी अभी भी गरीबी की रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे हैं। टिमरनी के युवाओं का दल सुबह ट्रक में गर्म कपड़े, कंबल, जैकेट इत्यादि लेकर वन क्षेत्र की ओर रवाना हुआ। तिमिर हरणी युवा मंडल के बैनर तले ये युवा पिछले सत्रह वर्षों से निरंतर वस्त्र वितरण गतिविधि का आयोजन कर रहे हैं, संस्था अध्यक्ष अमित गर्ग ने बताया कि टिमरनी नगर के सहयोग से यह पुनीत कार्य किया जा रहा है जिसमें बच्चों को गर्म जैकेट पजामा अपने हाथों से पहनाया जाता है।

सभी गर्म कपड़ों की खरीदी पड़ौसी जिला नर्मदापुरम के सोहागपुर से की जाती है, खरीदी प्रमुख प्रखर जैन और पुनीत जायसवाल ने बताया कि इस वर्ष 1400 बच्चों के लिए गर्म जैकेट, बुजुर्गों के लिए 500 कम्बल और 600 जोड़ी चप्पलों का वितरण किया गया है।नगर के मेडिकल व्यवसायी सचिन दुबे ने बताया कि वनांचल के दूरस्थ ग्रामों में आज भी कई बच्चों ने नाममात्र के कपड़े पहने हुए थे जबकि शीतलहर के चलते दिन में भी ठिठुरन महसूस हो रही थी, संस्था के वरिष्ठ ब्रज सोनकिया ने बताया कि वनांचल में ठंड से बचाव का एकमात्र साधन अलाव होता है, कई बार इस अलाव की आग में बच्चे बुजुर्ग झुलस जाते हैं जल जाते हैं। नितिश अग्रवाल, कृष्णा गोयल, शंकर राजपूत ने बताया कि बच्चों को गर्म कपड़े पहनाकर आत्मिक संतोष की अनुभूति हुई। सेवानिवृत्त शिक्षक सतीश शुक्ला, ओमप्रकाश लालू गूर्जर, दीपक भाटी, मंदीप किरार, अंशुल अग्रवाल ने वृद्धजनों को कंबल प्रदान किये। वितरण के दौरान बच्चों को व्यक्तिगता स्वच्छता और स्वास्थ्य शिक्षा बॉबी सिन्हल, शैलेन्द्र वर्मा, अंकित डूडी, विशाल गौर और प्रकाश रहड़वा बंटी ने प्रदान की। जितेन्द्र सोनकिया, यादव हिमांशु कौशल, पंकज बारिवा, लौकेश रावत, मयूर, संदीप ढोके, टक्कू उपाध्याय, आशीष साकल्ले ने गॉवों में पहुॅच कर घर घर से बच्चों को एकत्रित किया और बुजुर्गों को वितरण स्थल तक पहॅुचाने का कार्य संभाला।

युथ टिमरनी के सदस्यों द्वारा आदिवासी आस्था के प्रमुख केन्द्र भोमका बाबा के मंदिर पहुॅच कर पूजा अर्चना से कार्यक्रम की शुरूआत की, वनग्राग चूरनी, आमढाना, बापचा, लाखादेह, बड़झिरी में वितरण में दिन ढल गया तब टार्च की रोशनी में ग्राम सिंगोड़ा पहॅुचकर बच्चों को कपड़े पहनाने का कार्य किया गया। संस्था के विकेश गोयल ने इस पुनीत कार्य में सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। वितरण हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं बनाने में दीपक गौर, कमलेश कौशल, संजय अग्रवाल, मदन पंजाबी, मधुर भारद्वाज, नितीश गोयल की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

---

यह अभियान बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करने के लिए है




# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाकर जागरुक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶हरदा

महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार बाल विवाह की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में हरदा में भी कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के मार्गदर्शन में हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। कलेक्टर जैन ने सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में संकल्प हस्ताक्षर अभियान के पोस्टर पर हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास अधिकारी राजा रंगारे ने पोस्टर पर हस्ताक्षर किये तथा सेल्फी भी ली। रंगारे ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को शिक्षा, सुरक्षा और स्वास्थ्य के अधिकार सुनिश्चित कर उन्हें सशक्त बनाना है, क्योंकि बाल विवाह इन सभी के विकास में एक बड़ी बाधा है। यह अभियान बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करने भारत को बाल विवाह मुक्त बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने के सामूहिक संकल्प का हिस्सा है। अभियान के दौरान प्रतिभागियों ने हस्ताक्षर कर शपथ ली कि वे अपने परिवार, पड़ोस और समुदाय में बाल विवाह नहीं होने देंगे।

---

सोडलपुर में कान्हा बाबा मेले में की कार्रवाई

# खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला ने दुकानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए





हरिभूमि न्यूज ▶▶रहटगांव

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के मार्गदर्शन में सोमवार को चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के द्वारा जिले के ग्राम सोडलपुर में आयोजित कान्हा बाबा मेले में दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दुकानों से खाद्य पदार्थों के सैंपल लेकर चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला में जांच की गई तथा खाद्य पदार्थों के सभी विक्रेताओं को दुकान में साफ सफाई तथा स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया। कार्यवाही के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेंद्र कांबले, केमिस्ट हेमंत कीर एवं सहायक ब्रजेश पटेल उपस्थित रहे।

---

## प्रारूप मतदाता नामावली पर 23 तक दावा, आपत्तियां आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶हरदा

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 1 जनवरी 2026 की अर्हता तिथि के मान से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षणझ्र2026 की प्रक्रिया जारी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ जैन से प्राप्त जानकरी के अनुसार संशोधित कार्यक्रम के तहत प्रारूप मतदाता नामावली का प्रकाशन 23 दिसंबर को किया जाएगा। प्रारूप मतदाता सूची जिला निर्वाचन कार्यालय, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालयों एवं सभी मतदान केंद्रों पर उपलब्ध रहेगी। इसके साथ ही मतदान केंद्रों की सूची का भी जिला एवं ईआरओ स्तर पर प्रकाशन किया जाएगा। विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्र भरवाए जाने के बाद अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। प्रारूप मतदाता नामावली पर 23 दिसंबर से 22 जनवरी 2026 तक दावा एवं आपत्तियां प्रस्तुत की जा सकेंगी। प्रारूप प्रकाशन के बाद छूटे हुए मतदाताओं को बीएलओ के माध्यम से नोटिस जारी किए जाएंगे। दावों एवं आपत्तियों की सुनवाई 23 दिसंबर 2025 से 14 फरवरी 2026 तक संबंधित ईआरओ/एईआरओ द्वारा तहसील कार्यालयों में की जाएगी। 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा फॉर्म-6 के माध्यम से अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। अन्य स्थानों से आए मतदाता भी नए मतदान केंद्र के अनुसार नाम दर्ज करा सकेंगे। हरदा जिले से बाहर से शिफ्ट होकर आए अथवा जिले के भीतर एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित मतदाता फॉर्म-8 के जरिए अपना नाम वर्तमान निवास स्थान की मतदाता सूची में स्थानांतरित करा सकेंगे।

---

आग ने सब छीन लिया, इंसानियत ने सब लौटा दिया: दूसरे दिन भी किसानों ने थामा अग्निपीड़ितों का हाथ

# आधा दर्जन गांव के किसान अग्निपीड़ित परिवार की मदद के लिए आगे आए, जुटाई 25 हजार की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

जिले के ग्राम पाटनी में शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात लगी भीषण आग ने दो सगे भाइयों इकबाल और इरफान की पूरी दुनिया पलभर में राख कर दी थी। आधी रात करीब तीन बजे उठी लपटों ने घर, अनाज, नकदी, जेवरात और वर्षों की मेहनत को निगल लिया। आग इतनी विकराल थी कि ग्रामीणों के अथक प्रयास भी नाकाम रहे। जब सुबह हुई तो दो परिवार खुले आसमान के नीचे थे।

आंखों में आंसू, चेहरों पर सन्नाटा और दिलों में अनगिनत सवाल थे, लेकिन इस अंधेरे के बीच इंसानियत की रोशनी बुझी नहीं। पहले दिन ग्रामीणों द्वारा जुटाई गई 16 हजार की सहायता के बाद, दूसरे दिन भी आसपास के पांच से छह गांवों के किसान और ग्रामीण आगे आए। चंदेरी के समाजसेवी व किसान एमएस मेवाड़ा स्वयं आगे रहकर सहायता राशि देने की शुरुआत की। मेवाड़ा की प्रेरणा से रामाखेड़ी के किसान मोतीलाल, बिलकिसगंज के प्रीतम मेवाड़ा, मांगीलाल परमार, खामखेड़ा के रावतिया पटेल, सीलखेड़ा के प्रेम बरेला,रत्नाखेड़ी के पप्पू पटेल सहित अन्य किसानों ने मिलकर 25 हजार रुपये की राशि जुटाई। इस तरह दो दिनों में जनसहयोग से कुल 41 हजार रुपये अग्निपीड़ित परिवारों को सौंपे गए, ताकि वे जीवन की नई शुरुआत कर सकें। ज्ञात रहे कि आगजनी में करीब 25 लाख रुपये के नुकसान, पांच लाख नकद, लाखों का लहसुन, फ्रिज-कूलर, गृहस्थी का सामान, चार किलो चांदी, छह तोला सोना सब कुछ राख हो चुका। इस सामूहिक प्रयास ने साबित कर दिया कि गांवों की आत्मा आज भी जिंदा है।

---

## राज्य शिक्षक संघ ने निकाली रैली, मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**सीहोर।** राज्य शिक्षक संघ जिला सीहोर द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम राज्य शिक्षा सेवा में नियुक्त शिक्षक संवर्गों की समस्याओं के निराकरण के संबंध में समस्त शिक्षक शासकीय खेलकूद संस्थान भोपाल नाका परिसर पर एकत्रित होकर आगामी रणनिती को लेकर अपने-अपने विचार व्यक्त किये और रैली निकालकर जिलाधीश प्रतिनिधि धीरेंद्र वर्मा राजस्व निरीक्षक एवं जिला शिक्षा अधिकारी प्रतिनिधि उमेश सिंह राठौड़ कनिष्ठ लेखा परीक्षक को निम्नलिखित मांगों के संबंध में ज्ञापन सौपा गया।

जिसमें प्रमुख मांग नवीन शिक्षक संवर्ग में प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता का लाभ प्रदान किया जावे। जिले में प्राथमिक माध्यमिक उच्च माध्यमिक शिक्षक के क्रमोन्नत एवं समयमान वेतनमान के आदेश शीघ्र जारी किया जावे। सरकारी विद्यालय में शिक्षक नियमित रूप से विद्यालय जाकर निष्ठा पूर्वक कार्य करते हैं, इसी का परिणाम है कि प्रदेश में प्रवीण सूची में शासकीय विद्यालयों के बच्चे अग्रणी रहते हैं। इसलिए नियमित उपस्थिति के लिए इ-अटेंडेंस अव्यावहारिक है, जिसे तत्काल बंद किया जावे। ज्ञापन सौपने वालों में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष विश्वजीत त्यागी, संजय सिंह जादौन संरक्षक, सुरेश गुप्ता, जागेश्वर भगत, यशवंत ठाकुर, जय सिंह ठाकुर, चन्दर सिंह ठाकुर, हरदयाल आजाद, रमन तिवारी, महेंद्र सोलंकी, सम्राट ढोके, जगदीश मालवीय, इन्दर सिंह ठाकुर, एस.एस.परिहार, गोपाल ठाकुर, कृपाल ठाकुर, भूपेन्द्र सिंह, सुरेन्द जामलिया, डी.एस.राणा, ब्रजेश शर्मा, बाबूलाल धुर्वे, सुखदेव धुर्वे, आर.व्ही.उदयपुरिया, चुन्नीलाल परमार, अनोखीलाल परमार, जगदीश राठौर, रवि शर्मा, ओमप्रकाश सेन, प्रेमराज जाट आदि मौजूद रहे।